राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण
देहरादून
शुक्रवार ● 22 मई ● 2020
पृष्ठ 12 वर्ष-13 अंक 4546 मूल्य ₹ 3.00

# युवाओं को खेती के लिए प्रेरित कर रहा कृषि विज्ञान केंद्र

■ **सहारा न्यूज ब्यूरो**

**उत्तरकाशी।** लॉकडाउन की अवधि में पुनः गुलजार हुए गांवों के लिये कृषि विज्ञान केन्द्र ने वर्तमान समय में समूचे देश में हर जगह रिवर्स पलायन के चलते घर लौटे युवाओं को खेती के लिये प्रेरित करना शुरू कर दिया है। कृषि विज्ञान केन्द्र चिन्यालीसौड़ विभिन्न गांवों में घर लौटे युवाओं के लिए स्वरोजगार के वैकल्पिक स्रोतों को तलाश रहा है। इसी कड़ी में केंद्र की ओर से घर लौट रहे सैकड़ों युवाओं को आगामी सीजन के लिये उन्नत प्रजातियों के बीज वितरित कर खेती शुरू करने को प्रोत्साहित किया है।

केंद्र के वैज्ञानिकों ने बताया कि घर लौट रहे प्रवासी युवाओं को क्वारंटीन सेंटरों में ही खेती करने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। वैज्ञानिकों ने कहा इस समय का युवाओं को सदुपयोग करना चाहिए।

युवाओं को क्वारंटीन सेंटरों में रहकर सब्जियों को उत्पादन करना चाहिए। क्वारंटीन सेंटर में रह रहे युवाओं ने कृषि विज्ञान केंद्र की इस पहल की सराहना की तथा अपने खाली समय का सदुपयोग गांव को गुलजार करने में लगाने के लिये अपनी हामी भरी है। इस दौरान केन्द्र के विशेषज्ञों ने समय समय पर रबी की कटाई सम्बंधी जानकारी, खरीफ सीजन के लिये कार्ययोजना, खेतों की तयारी, मृदा परीक्षण, कीट एवं व्याधियों से रोकथाम, अरहर समेत नकदी फसलों की बुवाई जैसे तमाम महत्वपूर्ण विषयों पर किसानों से विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर केंद्र के डा. गौरव पपने, नीजर जोशी, रोहणी खोब्रगड़े, वरूण सुप्याल, खयाली राम आर्य, रमेश आदि मौजूद रहे।